पंजाब केसरी 18/11/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने के.वी. नंबर 1 में किया क्षमता विकास आऊटरीच कार्यक्रम

केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 में क्षमता विकास आऊटरीच कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को संबोधित करतीं गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की प्राध्यापिकाएं। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 17 नवम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 में क्षमता विकास आऊटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक क्षमताओं, संचार कौशल और आत्मविश्वास को सुव्यवस्थित तथा इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से मजबूत करना था।

कार्यक्रम में कॉलेज की प्रतिष्ठित फैकल्टी डॉ. गीता कौशिक, प्रो. योगिता वर्मा, प्रो. कमलप्रीत कौर, डॉ. दिशा अरोड़ा और प्रो. शिवानी सोनी द्वारा समृद्ध एवं ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किए गए। उनकी विशेषज्ञता और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण ने कार्यक्रम को अत्यंत प्रभावशाली और सहभागितापूर्ण बना दिया। छात्रों ने व्यावहारिक जानकारियों, प्रेरणादायक मार्गदर्शन तथा गतिविधि आधारित शिक्षण से विशेष लाभ महसूस किया।

विद्यालय प्रशासन ने भी गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के इस सार्थक शैक्षणिक सहयोग की सराहना की।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि कॉलेज भविष्य में भी ऐसे सामुदायिक उन्मुख कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि समग्र शिक्षा को बढ़ावा मिले और सामाजिक तथा शैक्षणिक विकास के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता मजबूत हो।